समाचार

कर्मचारियों के लिए हेल्थ कैम्प का आयोजन प्रशंसनीय कदम, कर्मियों के फुल बाडी चेकअप की बनाए योजना—निगम प्रशासक व कलेक्टर

(कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने निगम कार्यालय में आयोजित हेल्थ कैम्प का किया निरीक्षण, निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय भी रहे उपस्थित)

कोरबा 29 जनवरी 2025 — निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कहा कि नगर निगम कोरबा द्वारा अपने कर्मचारियों विशेषकर स्वच्छता कार्यो में संलग्न व प्लेसमेंट कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु हेल्थ कैम्प का आयोजन निश्चित रूप से एक प्रशंसनीय कदम है, इससे कर्मी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे। उन्होने कहा कि स्वच्छता कर्मियों व अन्य कर्मचारियों के फुल बाडी चेकअप की योजना भी बनाएं, ताकि कम से कम साल में एक बार इन कर्मियों का फुल बाडी चेकअप भी कराया जा सके।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत परिसर में आयोजित हेल्थ कैम्प का निरीक्षण किया, इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय भी उपस्थित थे। यहॉ उल्लेखनीय है कि निगम के अधिकारी कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों एवं प्लेसमेंट कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु 28 एवं 29 जनवरी को निगम कार्यालय साकेत भवन के परिसर मे दो दिवसीय हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। आयोजन के दूसरे दिन आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने हेल्थ कैम्प का निरीक्षण किया, इस दौरान

उन्होने कहा कि निगम द्वारा अपने कर्मचारियों विशेषकर स्वच्छता कर्मियों व प्लेसमेंट कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु हेल्थ कैम्प का यह आयोजन निश्चित रूप से सराहनीय कदम है। कर्मचारियों का समय–समय पर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना चाहिए, ताकि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रह सके। उन्होने कहा कि निगम का मूल कार्य शहर की साफ–सफाई, पेयजल की आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं लोगों को उपलब्ध कराना व शहर की तमाम व्यवस्थाओं को बनाए रखने का है, निश्चित रूप से निगम के अधिकारी कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं, किन्तु इस दौरान वे अपने स्वास्थ्य पर यथोचित ध्यान नहीं दे पाते, विशेषकर साफ–सफाई कार्यो में सलग्न कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना, उनका समय–समय पर हेल्थ चेकअप कराना, हमारा नैतिक दायित्व भी बनता है। कलेक्टर श्री वसंत ने अधिकारियों से कहा कि इन कर्मचारियों का वर्ष में कम से कम एक बार फुल बाडी चेकअप कराया जाना चाहिए, साथ ही एनीमिया एवं सिकलसेल परीक्षण कैम्प भी लगाया जाए, इस दिशा में कार्यवाही करें तथा इसकी योजना बनाएं। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त द्वय बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

निगम के इतिहास में पहली बार लगा वृहद स्तर पर हेल्थ कैम्प – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की विशेष पहल पर निगम कार्यालय में वृहद स्तर पर दो दिवसीय हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा के गठन के पश्चात इतने बड़े स्तर पर पहली बार हेल्थ कैम्प आयोजित किया गया है तथा स्वच्छता कर्मचारियों, प्लेसमेंट कर्मियों व निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों के हेल्थ कार्ड बनाए गए हैं, स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान प्राप्त परिणामों को इन हेल्थ कार्ड में दर्ज किया गया है, उनका आवश्यक इलाज व दवाएं देने के साथ ही योग्य चिकित्सकों द्वारा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिए गए हैं तथा आवश्यकतानुसार उचित इलाज हेतु जिला चिकित्सालय के लिए रेफर भी किया गया है। निगम कर्मियों के हेल्थ कार्ड पर आयुष्मान भारत की सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी एवं उनका मोबाईल नम्बर कार्ड में सीड किया जाएगा, यह जानकारी मेडिकल कालेज के डीन ने दी है, डीन ने ऐसे स्वास्थ्य सेवाओं की डिलेवरी की प्रशंसा भी की।

कुल 900 कर्मचारियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण – हेल्थ कैम्प के नोडल अधिकारी व उपायुक्त पवन वर्मा ने बताया कि कैम्प के दौरान निगम के 900 कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन करते हुए उनके हेल्थ कार्ड बनाए गए तथा उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इन कर्मचारियों ने निगम के स्वच्छता मित्र, स्वच्छता दीदियॉ, प्लेसमेंट कर्मचारी तथा नियमित अधिकारी कर्मचारी शामिल हैं। शिविर के प्रथम दिन आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण हेल्थ कैम्प में कराया था तथा अन्य अधिकारी कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी थी।